web : www.nyaysakshi.com || पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल || पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक-सेहत-विज्ञान-फीचर

# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

## आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्याससाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO :- CHHHIN/2018/76480 || Postal Registration No-055/Raigarh DN CG || रायगढ़, शनिवार 27 अप्रैल 2019 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-01, अंक-204

# सेना सुरंगों में रखेगी गोला-बारूद

## एनएचपीसी के साथ किया करार



नई दिल्ली (आरएनएस)। सेना ने पाकिस्तान और चीन से लगते पहाड़ी क्षेत्रों में गोला-बारूद को सुरंगनुमा गोदामों में रखने के लिए नेशनल हाइड्रोइलैक्ट्रिक पॉवर कारपोरेशन लिमिटेड (एनएचपीसी) के साथ करार किया है।

करार के तहत एनएचपीसी सेना के लिए चीन से लगती सीमा के पहाड़ी क्षेत्रों में तीन और जम्मू कश्मीर में एक सुरंग बनायेगी। अभी ये सुरंगे पायलट परियोजना के तहत बनायी जायेंगी और इन पर 15 करोड़ रूपये की लागत आने की संभावना है। प्रत्येक सुरंग में 175 से 200 टन तक गोला-बारूद के भंडारण की क्षमता होगी। इन सुरंगों को बनाने में करीब दो वर्ष का समय लगेगा। चीन और अमेरिका जैसे देशों में इस तरह की सुरंगे पहले से ही हैं जिनमें भारी मात्रा में गोला-बारूद को आसानी से सुरक्षित रखा जा सकता है। अभी सेना अपना गोला-बारूद और हथियार जमीन पर बने हथियार डिपो में ही रखती है। पायलट परियोजना के सफल होने के बाद इस तरह की सुरंगें देश के अन्य हिस्सों में भी बनायी जायेंगी।

सेना गोला-बारूद को सुरक्षित तथा गोपनीय ठिकानों पर रखने के लिए सुरंगनुमा भंडार गृह बनाने पर लंबे समय से विचार कर रही थी और उसने कुछ समय पहले सिक्किम और तवांग जैसे दुर्गम क्षेत्रों में इस तरह की सुरंग बनाने की कोशिश भी की थी लेकिन उसे इसमें सफलता नहीं मिली। इसके बाद सेना ने एनएचपीसी की पहाड़ी क्षेत्रों में सुरंग बनाने की विशेषज्ञता का लाभ उठाने की योजना बनायी। इसी योजना के तहत सेना ने पिछले वर्ष उसके साथ बातचीत शुरू की और कंपनी द्वारा इस प्रस्ताव को स्वीकार किये जाने के बाद करार को अंतिम रूप दिया गया। सेना के महानिदेशक (संचालन और सैन्य साजो सामान) लेफ्टिनेंट जनरल एन के खंडूरी और एनएचपीसी के मुख्य प्रबंध निदेशक बलराज जोशी ने करार पर हस्ताक्षर किये। इन सुरंगों में गोलियों से लेकर रॉकेट , टैंक रोधी और अन्य मिसाइलों को रखे जाने की योजना है। गोपनीय और पहाड़ी क्षेत्रों में गोला-बारूद को सुरंगों में रखने का सबसे बड़ा फायदा यह है कि एक तो इनमें गोला-बारूद सुरक्षित रहेगा और दूसरे जरूरत पड़ने पर इन्हें सीमावर्ती चौकियों पर आसानी से पहुंचाया जा सकेगा। इनमें आग लगने और दूसरी अन्य दुर्घटनाओं का खतरा भी कम रहेगा तथा इसे दुश्मन के हमलों से भी आसानी से सुरक्षित रखा जा सकेगा। उल्लेखनीय है कि पुलवामा आतंकवादी हमले के बाद जब भारतीय वायु सेना ने गत 26 फरवरी को पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के निकट बालाकोट में आतंकवादी संगठन जैश ए मोहम्मद के ठिकाने पर कार्रवाई की थी उसके बाद पाकिस्तान के लड़ाकू विमानों ने जवाबी कार्रवाई के दौरान जम्मू कश्मीर में सेना के कुछ ठिकानों को निशाना बनाने की कोशिश की थी जिनमें गोला बारूद का डिपो भी शामिल था। हालाकि भारतीय वायु सेना ने पाकिस्तान की इस कोशिश को नाकाम कर दिया था।

## जयललिता की मौत की जांच पर सुप्रीम कोर्ट ने लगाई रोक



नईदिल्ली (आरएनएस)। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को तमिलनाडु की पूर्व मुख्यमंत्री जे जयललिता की मौत की जांच के लिए गठित एक जांच आयोग की कार्यवाही पर रोक लगा दी है. दिवंगत एआईएडीएमके प्रमुख जयललिता का दिसंबर 2016 में चेन्नई के अपोलो अस्पताल में निधन हो गया था।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### पाक पीएम चीन के आधिकारिक दौरे पर

इस्लामाबाद । पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान अपने चार दिवसीय चीन दौरे के लिए गुरुवार को बीजिंग पहुंच गए। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, इमरान दोनों देशों के बीच रणनीतिक सहकारी साझेदारी को नई ऊंचाइयां प्रदान करने के लिए वहां गए हैं। डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, प्रधानमंत्री बनने के बाद इमरान का यह दूसरा आधिकारिक चीन दौरा है। इससे पहले वे पिछले साल नवंबर में चीन दौरे पर गए थे जिसके बाद चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने उन्हें दूसरा बेल्ट एंड रोड फोरम में शामिल होने के लिए दोबारा आमंत्रित किया था। बेल्ट एंड रोड फोरम बीजिंग में शुक्रवार को शुरू होगा।चीन रवाना होने से पहले प्रधानमंत्री ने कहा था, चीन हमारा सबसे करीबी मित्र और आयरन ब्रदर है। मैं आपसी हितों के सभी मुद्दों पर अपने विचार साझा करने के लिए अपने अच्छे मित्रों राष्ट्रपति शी और प्रीमियर ली से मिलने के लिए उत्साहित हूं।

### रूस म्यांमार के लिए बना रहा छह लड़ाकू विमान

यांगून । रूस म्यांमार के लिए छह सुखोई एसयू-30 लड़ाकू विमान तैयार करना शुरू कर दिया है। रूसी मीडिया के अनुसार पिछले साल दोनों देशों के बीच इस सौदे को लेकर हस्ताक्षर किये गये थे। रूस और म्यांमार ने 2018 में छह एसयू-30एसएम लड़ाकू जेट विमानों की आपूर्ति के लिए एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए थे। यह सौदा कम से कम 0.204 अरब डॉलर का था। म्यांमार के सैन्य कमांडर-इन-चीफ सीनियर-जनरल मिन आंग ह्लाइंग ने कहा, म्यांमार के प्रमुख स्थानों में अपने सैनिकों के लिए रूसी सेना का हार्डवेयर बहुत उपयोगी था। कमांडर-इन-चीफ सीनियर-जनरल मिन आंग ह्लाइंग ने 23 अप्रैल को व्यक्तिगत रूप से इर्कुत्स्क विमानन संयंत्र में विमानों के उत्पादन का निरीक्षण किया।

### रेल यात्रियों से जबरन वसूली को लेकर 73,000 से अधिक ट्रांसजेंडर गिरफ्तार

नई दिल्ली (आरएनएस)। रेल मंत्रालय ने आरटीआई के तहत पूछे गये एक सवाल के जबाव में कहा है कि पिछले चार वर्षों में रेल यात्रियों से जबरन पैसे वसूली को लेकर 73,000 से अधिक, यानि हर दिन औसतन 50 ट्रांसजेंडरों को गिरफ्तार किया गया। सिर्फ पिछले साल ही 20,000 से ज्यादा ट्रांसजेंडरों को गिरफ्तार किया गया। अधिकारियों ने कहा कि यात्री अक्सर चलती ट्रेनों में ट्रांसजेंडरों द्वारा परेशान किये जाने और जबरन पैसे वसूली करने को लेकर शिकायत करते हैं। ट्रांसजेंडरों को पैसे देने से मना करने की नौबत में शारीरिक उत्पीड़न का भी मामला सामने आया है। उन्होंने बताया कि रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ऐसी घटनाओं की जाँच के लिए नियमित रूप से विशेष अभियान चला रहा है। आरटीआई के तहत पूछे गये सवाल के जवाब में, रेल मंत्रालय ने कहा कि 2015 से इस साल जनवरी तक यात्रियों से पैसे की उगाही करने के आरोप में कुल 73,837 ट्रांसजेंडर गिरफ्तार किए गए। इसमें कहा गया कि 2015 में कुल 13,546, 2016 में 19,800, 2017 में 18,526 और 2018 में 20,566 ट्रांसजेंडर गिरफ्तार किए गए।

### मोदी के खिलाफ प्रियंका नहीं लड़ेंगी चुनाव

नई दिल्ली (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ सपा से शालिनी यादव को प्रत्याशी बनाए जाने के बाद भी कांग्रेस के उम्मीदवार पर सस्पेंस बरकरार था। जो गुरुवार को कांग्रेस द्वारा प्रत्याशी घोषित करने के बाद खत्म हो गया। वहीं दूसरी तरफ वाराणसी से कांग्रेस की तरफ से प्रियंका गांधी के चुनाव लड़ने की अटकलें भी खत्म हो गईं। कांग्रेसी खेमे में पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव व पूर्वी उत्तर प्रदेश की प्रभारी प्रियंका गांधी के वाराणसी से चुनाव लड़ने की अटकलें खत्म हो गई हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कह रहे थे कि अगर स्थानीय प्रत्याशी उतारना होता तो अब तक नाम घोषित कर दिया जाता।

## पटना जा रहे राहुल के विमान के इंजन में आई खराबी

### » लौटना पड़ा दिल्ली



नई दिल्ली (आरएनएस)। कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी की फ्लाइट के इंजन में खराबी आने से उन्हें वापस दिल्ली लौटना पड़ा। राहुल पटना जा रहे थे। राहुल ने अपने ऑफिशियल ट्विटर हैंडल से शुक्रवार को ट्वीट कर बताया, आज हमारी पटना की फ्लाइट के इंजन में खराबी आ गई। इसलिए हमें दिल्ली वापस लौटना पड़ रहा है। समस्तीपुर (बिहार), बालासोर (ओडिशा) और संगमनेर (महाराष्ट्र) में आज होने वाली सभाएं देर से होंगी। असुविधा के लिए खेद है। राहुल गांधीने अपने ट्विटर हैंडल से फ्लाइट इंजन में आई खराबी का वीडियो भी जारी किया है। बता दें कि राहुल गांधी आज दोपहर 11 बजे समस्तीपुर में पार्टी के उम्मीदवार डॉ. अशोक कुमार के पक्ष में एक चुनावी सभा को संबोधित करने वाले थे। इस सभा को बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) नेता तेजस्वी यादव और राष्ट्रीय लोक समता पार्टी (रालोसपा) सुप्रीमो उपेंद्र कुशवाहा भी संबोधित करने वाले थे। गौरतलब है कि शुक्रवार को राहुल गांधी बिहार के समस्तीपुर, ओडिशा के बालासोर और उसके बाद महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले के संगमनेर में जनसभाएं करने वाले थे। अब इन जगहों पर उनकी ये सभाएं देर से शुरू होंगी।

## प्रधानमंत्री मोदी ने काशी से नामांकन दाखिल किया

### » प्रकाश सिंह बादल के पैर छूकर लिया आशीर्वाद



वाराणसी (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी से लोकसभा चुनाव 2019 के लिए नामांकन दाखिल कर दिया हैं। उनके साथ एनडीए के कई दिग्गज नेता भी मौजूद हैं।

पीएम मोदी के नामांकन के दौरान जनता दल (यूनाइटेड) के अध्यक्ष नीतीश कुमार, शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे, अकाली दल के अध्यक्ष प्रकाश सिंह बादल समेत अन्य सहयोगी दलों के नेता भी साथ हैं। नामांकन दाखिल करने से पहले पीएम मोदी ने अपने प्रस्तावकों से मुलाकात और बातचीत की। इस दौरान उन्होंने महिला प्रस्तावक के पैर भी छुए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिन महिला के पैर छुए हैं, वह पाणिनि कन्या महाविद्यालय की प्रिंसिपल अन्नपूर्णा शुक्ला हैं। पीएम मोदी ने अकाली दल के अध्यक्ष प्रकाश सिंह बादल के पैर छूकर उनसे आशीर्वाद भी लिया।

इसके पहले उन्होंने बूथ कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। इसके बाद उन्होंने काल भैरव मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की। वहां से वह बनारस की गलियों में लोगों से मिलते हुए नामांकन के लिए रवाना हुए थे। पीएम मोदी ने बूथ कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि देश के सभी कार्यकर्ताओं को मेरा आभार। मैं भी बूथ का कार्यकर्ता रहा हूं। मुझे भी दीवारों पर पोस्टर चिपकाने का मौका मिला था। उन्होंने अंत में मंच से कहा मेरा बूथ सबसे मजबूत। पीएम ने हर हर महादेव का जयघोष किया।

उन्होंने कहा कि मैं कूड़े-कचरे से खाद बनाता हूं और उसी से कमल खिलाता हूं। पीएम ने बूथ कार्यकर्ताओं से कहा कि यह चुनाव जंग नहीं है, लोकतंत्र का उत्सव है। उन्होंने कहा कि कल जो दृश्य मैं देख रहा था उसमें मुझे आपके परिश्रम और पसीने की महक आ रही थी। देश भर के कार्यकर्ताओं की मेहनत है कि आज कश्मीर से कन्याकुमारी तक काशी घाट से पोरबंदर तक उत्साह का माहौल है।

## झारखंड के चतरा, लोहरदगा और पलामू में मतदान 29 को

### » आम चुनाव-2019 का चौथा चरण



नईदिल्ली (आरएनएस)। आम चुनाव-2019 के चौथे चरण में झारखंड के चतरा, लोहरदगा और पलामू संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में 29 अप्रैल, 2019 को वोट डाले जाएंगे। चतरा (संसदीय निर्वाचन क्षेत्र संख्या-4) एक सामान्य सीट है, जबकि लोहरदगा (संसदीय निर्वाचन क्षेत्र संख्या-12) एक अनुसूचित जनजाति (एसटी) सीट है और पलामू (संसदीय निर्वाचन क्षेत्र संख्या-13) एक अनुसूचित जाति (एससी) सीट है।

सीईओ (झारखंड) की वेबसाइट से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार इन तीनों संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में कुल मिलाकर 45,26,693 मतदाता हैं, जिनमें से 23,85,932 पुरुष मतदाता, 21,40,750 महिला मतदाता और 11 अन्य (थर्ड जेंडर) मतदाता हैं। झारखंड में चौथे चरण में 18-19 वर्ष के आयु समूह में कुल मिलाकर 76,835 मतदाता हैं।

भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) की वेबसाइट से प्राप्त आंकड़ों से यह पता चला है कि आम चुनाव-2014 में इन तीनों संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों (पीसी) में कुल मिलाकर 40,77,663 मतदाता थे। यह संख्या आम चुनाव-2019 में बढ़कर 45,26,693 हो गई है, जो पिछले आम चुनाव की तुलना में मतदाताओं की संख्या में 11.01 प्रतिशत (4,49,030) की वृद्धि दर्शाती है।

आम चुनाव के चौथे चरण में एक रोचक तथ्य यह है कि चतरा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र कुल क्षेत्रफल (9163.58 वर्ग किलोमीटर) की दृष्टि से झारखंड का सबसे बड़ा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र है।

## सिगरेट देने से मना करने पर युवक पर चलाई गोली, एफआईआर दर्ज

नईदिल्ली (आरएनएस)। राजधानी दिल्ली में एक युवक को दो अज्ञात मोटर साइकिल सवारों ने सिर्फ इसलिए गोली मार दी, क्योंकि उसने उनको सिगरेट देने से मना कर दिया. घटना उत्तर पश्चिम दिल्ली के शालीमार बाग की है. पुलिस ने बताया कि युवक का नाम आमिर खान है. उसे सीने में दाहिनी ओर चोट आई है. उसके अनुसार गुरुवार को वह रात के करीब साढ़े नौ बजे अपने दोस्त के साथ एक शॉपिंग मॉल के सामने के खड़ा था. इसी बीच दो अज्ञात लोग मोटरसाइकिल पर आए और सिगरेट मांगी. मना करने पर वे गालियां देने लगे और उनमें से एक ने पिस्टल निकालकर गोली चला दी. हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया गया है और दोनों आदमियों की तलाश जारी है.

## नक्सलियों ने बीजेपी ऑफिस को बम से उड़ाया, इलाके में छाई दहशत



रांची (आरएनएस)। झारखंड में लोकसभा चुनाव से पहले नक्सलियों ने पलामू जिले हरिहरगंज में स्थित बीजेपी ऑफिस को बम से उड़ा दिया। मिली जानकारी के देर रात करीब 12 नक्सलियों ने इस घटना को अंजाम दिया। विस्फोट के बाद माओबादियों ने लोकतंत्र विरोधी पर्चे भी फेंके।

इस पर्चे में सौदे में घोटालाविजय माल्या के 9000 करोड़ व नीरव मोदी के 11000 करोड़ के घोटाले सहित नोटबंदी व धार्मिक अल्पसंख्यक पर हो रहे हमले के बारे में लिखा गया है और लोकसभा चुनाव के बहिष्कार करने की अपील की गई थी। पलामू का हरिहरगंज क्षेत्र नक्सलवाद से प्रभावित है।

पुलिस के अनुसार इस विस्फोट में कोई जानी नुकसान नहीं हुआ है सिर्फ भवन को ही नुकसान पहुंचा है। मामले की जांच के लिए एक टीम का गठन किया गया है। इस मकान में भाजपा का चुनावी कार्यालय तीन से चार दिन पहले ही खुला था।

## श्रीलंका ने जारी की 6 संदिग्ध हमलावरों की तस्वीरें



कोलंबो (आरएनएस)। श्रीलंका की सुरक्षा एजेंसियों ने ईस्टर धमाकों के संदिग्धों की तस्वीर जारी की है। श्रीलंका द्वारा 6 संदिग्ध हमलावरों की तस्वीर को जारी किया गया है, जिसमें 3 महिलाएं भी शामिल हैं। जानकारी के मुताबिक इन धमाकों के मद्देनजर श्रीलंकन एजेंसियों ने 16 लोगों को गिरफ्तार किया है। एजेंसियों का दावा है कि आत्मगाथी हमलावरों में 9 आतंकी, स्थानीय संगठन एनटीजे के हो सकते हैं। शक हैं कि इन्हीं आतंकियों की मदद से विनाशकारी विस्फोटक चर्च और होटल के अंदर तक पहुंचाए गए थे। जांच पड़ताल के बाद पुलिस ने संदिग्धों के नाम, तस्वीर व अन्य जानकारी जनता के साथ साझा की है। हालांकि इस हमले की जिम्मेदारी आईएसआईएस आतंकी संगठन ने ली है।

वहीं श्रीलंका ने ईस्टर के दिन हुए विस्फोटों में मृतकों की संख्या में संशोधन किया है। अब यह संख्या करीब 253 बताई जा रही है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी हैं। बता दें कि प्रशासन ने इससे पहले बताया था कि नौ आत्मघाती हमलावरों ने इन हमलों को अंजाम दिया था, जिसमें 359 लोगों की मौतें हुई और 500 से अधिक घायल हो गए। ऐसा संदेह किया जा रहा है कि इस हमले में स्थानीय इस्लामी चरमपंथी संगठन नेशनल तौहीद जमात (एनटीजे) का हाथ है।

## सेना पुलिस में महिलाओं की भर्ती खुली



नई दिल्ली (आरएनएस)। सेना ने महिला सशक्तीकरण की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए अपनी पुलिस शाखा के दरवाजे पहली बार महिलाओं के लिए खोल दिये हैं और उनसे भर्ती के लिए आवेदन मांगे हैं।

सेना पुलिस में जवान के स्तर पर महिलाओं की भर्ती से भविष्य में सेना की अन्य शाखाओं में भी महिला जवानों की भर्ती का मार्ग प्रशस्त होगा। अभी तीनों सेनाओं में महिलाओं की भर्ती केवल अधिकारी के स्तर पर ही की जाती है। यह पहला मौका है जब महिलाओं को सेना पुलिस में जवान के स्तर पर भर्ती किया जायेगा। वायु सेना ने कुछ वर्ष पहले महिलाओं को लड़ाकू भूमिका देते हुए उनकी बतौर लड़ाकू पायलट भी भर्ती की है। लेकिन थल सेना और नौसेना में अभी महिला अधिकारियों को विधिवत रूप से लड़ाकू भूमिका में भर्ती नहीं किया जाता है। महिला सेना पुलिस में भर्ती का विज्ञापन जारी करते हुए सेना ने कहा है कि उम्मीदवार आज से ही इसके लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं और इसकी अंतिम तिथि 8 जून है। भर्ती के बारे में विस्तार से जानकारी सेना की वेबसाइट से हासिल की जा सकती है।

रक्षा मंत्रालय ने एक ट्विट कर लिखा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गत 15 अगस्त को महिलाओं को सेना पुलिस में भर्ती का एलान किया था। रक्षा मंत्रालय ने गत 19 जनवरी को इस आशय का निर्णय लेते हुए कहा था कि जल्द ही सेना पुलिस में महिलाओं की भर्ती की जायेगी। सेना की पुलिस कोर की जिम्मेदारी सैन्य क्षेत्रों में व्यवस्था और अनुशासन बनाये रखने की होती है।

## इराक में छह आईएस आतंकवादी मारे गए

बगदाद। इराक के उत्तरी प्रांत किरकुक में एक अभियान में सुरक्षा बलों ने गुरुवार को इस्लामिक स्टेट (आईएस) के छह आतंकवादियों को मार गिराया। इराकी संयुक्त अभियान कमान (जेओसी) के मीडिया कार्यालय ने एक बयान जारी कर कहा कि इराकी सेना और आतंकवाद रोधी सेवा (सीटीएस) की एक संयुक्त बल ने इराक और अंतर्राष्ट्रीय विमान के सहयोग से इराक की राजधानी बगदाद से करीब 250 किलोमीटर उत्तर में किर्कुक शहर के दक्षिण में अल-शाई घाटी में कट्टरपंथी आईएस के आतंकवादियों के खिलाफ अभियान चलाया। जेओसी कमांडर साद हारबिया के हवाले से कहा गया, अभियान में छह आईएस आतंकवादियों मारे गये और एक गोदाम और आईएस के आठ ठिकाने को नष्ट करने के अलावा, इलाके के एक गांव में कट्टरपंथी आतंकवादियों के इस्तेमाल की जाने वाली सुरंग को नष्ट किया गया।